| Test Booklet No.<br>परीक्षा पुस्तिका संख्या | This Booklet contains 48 pages.<br>इस पुस्तिका में 48 पृष्ठ हैं। | **Paper-2**<br>Test Booklet /परीक्षा पुस्तिका | Test Booklet Series<br>परीक्षा पुस्तिका सीरीज़ |
|---|---|---|---|
| 211131902 | | 23878363 | **BC** |

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक ना खोलें जब तक कहा न जाए।
**Read carefully the instructions on the back cover of this booklet.**
इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

**Allowed Time : 90 Minutes**
निर्धारित समय : 90 मिनट

**Maximum Marks : 65**
अधिकतम अंक : 65

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed, open the top seal of Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with black ball point pen only.
2. The test is of 90 minutes duration and consists of 130 objective type questions. Each question carry 0.5 mark for correct answer. **Negative Marking: For every wrong answer ¼ mark or 25% marks of that question will be deducted.**
3. Use **Black Ball Point Pen** only for writing particulars on this page and marking responses in the Answer Sheet.
4. Make sure that the Test Booklet No. and Series marked by you on the Answer Sheet is the same as that on this Booklet.
5. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet.
6. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener/ eraser / Blade is allowed for changing answers.
7. After opening the Test Booklet, please immediately ensure that no page or question is misprinted, torn or left blank. If any discrepancy is found in test booklet, show it to Invigilator and get it replaced with test booklet of same series.
8. For any question if there is any discrepancy in Hindi or English language of that particular question the English version of that question will be considered as final.
9. Details of Sections in Question Paper:

| Sections | Subject | No. of Questions |
|---|---|---|
| Section-1 | Hindi Knowledge & Writing Ability | 60 |
| Section-2 | General Aptitude Test | 30 |
| Section-3 | General Knowledge | 40 |

1. ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अंदर है। जब आपको निर्देशित किया जाए तो उपरी सील को खोलकर उत्तर पत्रक को बाहर निकाल लें और उसमें दिए हुए विवरण को काले बाल पॉइंट पेन से ध्यानपूर्वक भरें।
2. परीक्षा की अवधि 90 मिनट है एवं कुल 130 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में सही उत्तर के लिए 0.5 अंक हैं। नकारात्मक अंकन : प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के पूर्णांक का ¼ अंक अथवा 25% अंक काटा जाएगा।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्रक पर निशान लगाने के लिए केवल काले बाल पॉइंट पेन का ही प्रयोग करें।
4. यह सुनिश्चित कर लें कि ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक में भरी गयी परीक्षा पुस्तिका सख्या एवं परीक्षा पुस्तिका सीरीज़ वही है जो इस परीक्षा पुस्तिका में अंकित है।
5. रफ (कच्चा) कार्य परीक्षा पुस्तिका मे दी गई खाली जगह पर ही करें।
6. सभी उत्तर केवल ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु व्हाइटनर/रबड़/ब्लेड का प्रयोग निषिद्ध है।
7. परीक्षा पुस्तिका खोलने के तुरंत बाद जाँच करके देख लें कि परीक्षा पुस्तिका में कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ या प्रश्न नहीं है। यदि परीक्षा पुस्तिका में कोई कमी हो तो कक्ष अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज़ की दूसरी परीक्षा पुस्तिका प्राप्त कर लें।
8. किसी भी ऐसे प्रश्न के लिए जिसमे हिंदी अथवा अंग्रेजी अनुवाद में विसंगति हो तो अंग्रेजी भाषा में दिया हुआ प्रश्न ही मान्य होगा।
9. परीक्षा पुस्तिका में भागों का विवरण:

| भाग | विषय | प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| भाग-1 | हिंदी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता | 60 |
| भाग-2 | सामान्य बुद्धि परीक्षण | 30 |
| भाग-3 | सामान्य जानकारी | 40 |

Name of the candidate (In Capitals)
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में): ..........

Roll Number (अनुक्रमांक): In figures (अंको में) ..........

In words (शब्दों में) ..........

Centre of Examination
परीक्षा केंद्र का नाम : ..........

Candidate Signature
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर :..........

Invigilators Signature
कक्ष अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर :..........

25675353

## SECTION-1 | HINDI KNOWLEDGE & WRITING ABILITY | 60 QUESTIONS

Q1 दवंद्व समास में कौन–सा पद प्रधान होता है?

(A) पूर्व पद

(B) उत्तर पद

(C) दोनों पद प्रधान

(D) कोई तीसरा पद प्रधान

25475353

Q2 'सूक्ति' का सही संधि–विच्छेद है:

(A) सु + उक्ति

(B) सू + उक्ति

(C) सूक्त + इ

(D) सू + क्ति

Q3 'नरेश' का सही संधि–विच्छेद है:

(A) नर + एश

(B) नरे + श

(C) न + रेश

(D) नर + ईश

Q4 'तथैव' का सही संधि–विच्छेद है:

(A) तथा + एव

(B) तथ + एव

(C) तथै + एव

(D) त + थैव

Q5 'अत्याचार' का सही संधि–विच्छेद है:

(A) अतिया + चार

(B) अत् + आचार

(C) अति + आचार

(D) अत्या + चार

24075353

Q6 'नाविक' का सही संधि–विच्छेद है:

(A) नाव् + इक

(B) नौ + इक

(C) ना + विक

(D) नावी + क

Q7 'उज्ज्वल' का सही संधि–विच्छेद है:

(A) उत् + ज्वल

(B) उज् + ज्वल

(C) उज्ज + वल

(D) उजु + ज्वल

Q8 'दिगम्बर' का सही संधि–विच्छेद है:

(A) दिग + अम्बर

(B) दिग् + अम्बर

(C) दिक + अम्बर

(D) दिक् + अम्बर

Q9 'उल्लंघन' का सही संधि–विच्छेद है:

(A) उत + लंघन

(B) उत् + लंघन

(C) उल + लंघन

(D) उ + लंघन

Q10 निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

(A) बाल पक जाने से कोई अनुभवी नहीं हो जाता।

(B) बाल पक जाने से लोग अनुभवी हो जाता है।

(C) बाल पक जाने से ही लोग अनुभवी होता है।

(D) बाल पक जाने से लोगों का अनुभव बढ़ते हैं।

24035353

Q11 निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

(A) कृपया करके खुले पैसे दें।

(B) कृपया खुले पैसे देने की कृपा करें।

(C) कृपया खुले पैसे दें।

(D) कृपया करके खुले पैसे देने की कृपा करें।

Q12 निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

(A) चिड़िया ने दनादन पाँच दाना चुग गई।

(B) चिड़िया दनादन पाँचों दाने चुग गई।

(C) चिड़िया दनादन पाँच दाना चुग लिए।

(D) चिड़िया दनादन पाँच दाना चुग गई।

Q13 निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

(A) भारत में चंद्रयान–2 लॉन्च किए हैं।

(B) भारत ने चंद्रयान–2 लॉन्च की है।

(C) भारत ने चंद्रयान–2 लॉन्च किए हैं।

(D) भारत ने चंद्रयान–2 लॉन्च किया है।

25515353

Q14 निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

(A) बत्तखों का झुण्ड पानी में तैर रहा था।

(B) बत्तखों के झुण्ड पानी में तैर रहा था।

(C) बत्तखों का झुण्ड पानी में तैर रहे थे।

(D) बत्तखों का झुण्ड पानी में तैरते थे।

Q15 निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

(A) नदियों के पानियों से सिंचाई की जाती है।

(B) नदियों के पानियों से सिंचाइयाँ की जाती हैं।

(C) नदियों के पानी से सिंचाइयाँ की जाती हैं।

(D) नदियों के पानी से सिंचाई की जाती है।

Q16 'आदमी बनना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है:

(A) किसी अन्य जीव का आदमी में परिवर्तित होना

(B) आदमी जैसा दिखना

(C) अच्छा व्यवहार सीखना

(D) कृत्रिम ढंग से आदमी का प्रतिरूप बनाना

Q17 'आँख खुलना' मुहावरे का सही अर्थ है:

(A) ज्ञान होना

(B) भ्रम में पड़ना

(C) आँख किरकिराना

(D) लज्जा दूर होना

25635353

Q18 'नेकी कर दरिया में डाल' लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है:

(A) मदद करके मदद की उम्मीद करना

(B) उपकार करके उपकार की बात को भूल जाना

(C) घृणा के बदले प्रेम करना

(D) कष्ट सहकर परोपकार करना

Q19 'चिराग तले अँधेरा' लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है:

(A) अपने आसपास की परवाह न करना

(B) जहाँ ज़रूरी हो वहीं उजाला करना

(C) दूसरे लोगों का ध्यान रखना

(D) निकट के दोष को न देख पाना

Q20 'आसमान से गिरा खजूर पर अटका' लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है:

(A) बाधा–मुक्त होना

(B) एक नई मुसीबत में पड़ना

(C) मुसीबत ही मुसीबत

(D) मुसीबत में किसी का सहारा मिलना

Q21 'किनारे लगना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है:

(A) किसी कार्य का समाप्त होना

(B) डूबने से बचना

(C) लहरों द्वारा किसी वस्तु को किनारे फेंकना

(D) नदी पार करने में असफल होना

23915353

Q22 'उथला' शब्द का विलोम है:

(A) गहरा

(B) छिछला

(C) समतल

(D) उभार

Q23 'स्वर्ग' शब्द का विलोम है:

(A) बैकुंठ

(B) देवलोक

(C) नरक

(D) परमधाम

Q24 'राग' शब्द का विलोम है:

(A) अनुराग

(B) विराग

(C) आसक्ति

(D) अनुरक्ति

Q25 'सूक्ष्म' शब्द का विलोम है:

(A) स्थूल

(B) बारीक

(C) क्षीण

(D) पतला

Q26 'स्वाधीन' शब्द का विलोम है:

(A) स्वतंत्र

(B) स्वच्छंद

(C) पराधीन

(D) निरंकुश

Q27 'सन्मार्ग' शब्द का विलोम है:

(A) सहज मार्ग

(B) सुमार्ग

(C) अमार्ग

(D) कुमार्ग

Q28 'घृणा' शब्द का विलोम है:

(A) प्रेम

(B) नफरत

(C) प्रताड़ना

(D) हिंसा

Q29 निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'पहाड़' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) अचल

(B) अचला

(C) गिरि

(D) अद्रि

Q30 निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'बादल' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) जलद

(B) तोयज

(C) घन

(D) अभ्र

25309559

Q31 निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'कमल' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) नीरज

(B) उत्पल

(C) अरविन्द

(D) वारिद

Q32 निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'सूर्य' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) दिनकर

(B) दिवाकर

(C) हिमकर

(D) प्रभाकर

Q33 निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'बिजली' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) तड़ित

(B) चंचला

(C) सौदामिनी

(D) चंचरी

Q34 निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'हवा' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) अनल

(B) अनिल

(C) पवन

(D) समीर

Q35 निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'आँख' का पर्यायवाची नहीं है?

25229559

(A) अक्षि

(B) नयन

(C) दृग

(D) दृगम्बु

Q36 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?

(A) चैत

(B) ज्येष्ठ

(C) आषाढ़

(D) फाल्गुन

Q37 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?

(A) नरक

(B) स्वर्ग

(C) खग

(D) पुहुमी

24389559

Q38 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?

(A) पुष्प

(B) पुहुप

(C) सुमन

(D) प्रसून

Q39 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?

(A) नेह

(B) नग्न

(C) क्षमा

(D) नख

Q40 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तद्भव नहीं है?

(A) धरती

(B) दीपावली

(C) नेवला

(D) नाच

Q41 जो मुश्किल से प्राप्त हो, उसे कहते हैं:

(A) अलभ्य

(B) सुलभ

(C) दुर्लभ

(D) अलंघ्य

Q42 अवसर के अनुरूप बदल जानेवाले को कहते हैं:

(A) यथास्थितिवादी

(B) आदर्शवादी

(C) भाववादी

(D) अवसरवादी

24349559

Q43 भूमि के अन्दर की जानकारी रखनेवाले को कहा जाता है:

(A) भूगर्भवेत्ता

(B) पुरातत्ववेत्ता

(C) नृतत्वशास्त्री

(D) भूकम्पवेत्ता

Q44 इनमें से कौन–सा शब्द 'अरुण' का समानार्थी नहीं है?

(A) सूर्य

(B) सूर्य का सारथी

(C) कुमकुम

(D) बिम्बा फल

Q45 इनमें से कौन–सा शब्द 'उच्च' का समानार्थी नहीं है?

(A) टीला

(B) श्रेष्ठ

(C) बड़ा

(D) उठा हुआ

Q46 इनमें से कौन–सा शब्द 'कनक' का समानार्थी नहीं है?

(A) सोना

(B) मक्का

(C) धतूरा

(D) गेहूँ

Q47 क्रिया के अलावा संज्ञा के लिंग के अनुसार किन शब्दों के रूप परिवर्तित होते हैं?

(A) विशेषण

(B) विशेष्य

(C) कारक

(D) विकृत अव्यय

25269559

Q48 'कौवा' के स्त्रीलिंग के निर्धारण के लिए क्या किया जाता है?

(A) कौवा के अंत में 'ई' लगाते हैं।

(B) कौवा के अंत में 'आनी' लगाते हैं।

(C) कौवा के पहले 'स्त्री' लगाते हैं।

(D) कौवा के पहले 'मादा' लगाते हैं।

Q49 'मंत्री' शब्द का लिंग क्या है?

(A) पुल्लिंग

(B) स्त्रीलिंग

(C) नपुंसकलिंग

(D) उभयलिंग

Q50 अपवाद को छोड़कर वर्णमाला के अक्षरों के नाम किस लिंग में होते हैं?

(A) पुल्लिंग

(B) स्त्रीलिंग

(C) नपुंसकलिंग

(D) उभयलिंग

Q51 इनमें से कौन सा पुल्लिंग शब्द स्त्रीलिंग शब्द में प्रत्यय लगाने से बना है?

(A) मर्दाना

(B) बुढ़ापा

(C) भेड़ा

(D) विधुर

Q52 हिन्दी में कितने वचन होते हैं?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) पाँच

25349559

Q53 "मैं चलती थी।" में 'मैं' का बहुवचन क्या होगा?

(A) हम

(B) तुम

(C) वे

(D) सब

Q54 ईकारांत संज्ञा शब्द को बहुवचन बनाते समय क्या किया जाता है?

(A) अंतिम स्वर के बाद 'याँ' लगा देते हैं।

(B) अंतिम स्वर को हटा कर 'याँ' लगा देते हैं।

(C) 'ई' को ह्रस्व करके अंतिम स्वर के बाद 'याँ' लगा देते हैं।

(D) 'ई' को ह्रस्व करके अंतिम स्वर के बाद 'ओं' लगा देते हैं।

24229559

Q55 हिन्दी में इस्तेमाल होनेवाले उर्दू शब्दों का बहुवचन बनाने के लिए प्रायः किस भाषा के प्रत्यय लगाये जाते हैं?

(A) हिन्दी

(B) अरबी

(C) फारसी

(D) उर्दू

Q56 कूलन में केलि में कछारन में कुंजन में क्यारिन में कलित कलीन किलकंत है।

इस काव्य–पंक्ति में कौन–सा अलंकार है?

(A) अनुप्रास

(B) रूपक

(C) यमक

(D) श्लेष

Q57 माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर।

कर का मनका डारि दे, मन का मनका फेर।

इस दोहे में कौन–सा अलंकार है?

(A) रूपक

(B) अनुप्रास

(C) उपमा

(D) यमक

Q58 'काव्य की शोभा बढ़ानेवाले धर्मों को अलंकार कहते हैं।'

इस उक्ति में प्रयुक्त 'धर्म' शब्द का क्या अर्थ है?

(A) मज़हब

(B) गुण

(C) सत्कर्म

(D) कर्तव्य

Q59 तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाये। झुके कूल सों जल परसन हित मनहुं सुहाये।

इस कविता की दूसरी पंक्ति में कौन–सा अलंकार है?

(A) अनुप्रास

(B) रूपक

(C) यमक

(D) उत्प्रेक्षा

Q60 'आमरण' में कौन–सा समास है?

(A) तत्पुरुष

(B) अव्ययीभाव

(C) दवंदव

(D) दविगु



24616600

Q61 Form a meaningful word with the third, fourth, fifth, seventh and tenth letters of the word 'PERSONALITY'. What is the last letter of that word?

(A) R

(B) A

(C) T

(D) S

Q62 Select the fourth, seventh, eleventh and thirteenth letters of the word 'CATEGORISATION' to form meaningful word(s).

If only one word can be formed, then select the third letter of that word as the answer. If more than one word can be formed, then select M as the answer. If no such word can be formed, then select X as the answer.

(A) G

(B) S

(C) M

(D) X

Q61 'PERSONALITY' शब्द के तीसरे, चौथे, पांचवें, सातवें और दसवें अक्षरों का एक साथ उपयोग करके एक सार्थक शब्द का निर्माण करें। उस शब्द का अंतिम अक्षर क्या है?

(A) R

(B) A

(C) T

(D) S

Q62 सार्थक शब्द/शब्दों को बनाने के लिए 'CATEGORISATION' शब्द के चौथे, सातवें, ग्यारहवें और तेरहवें अक्षरों का चयन करें।

यदि केवल एक शब्द बन सकता है, तो उत्तर के रूप में उस शब्द के तीसरे अक्षर का चयन करें। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हैं, तो उत्तर के रूप में M को चुनें। यदि ऐसा कोई शब्द नहीं बनाया जा सकता है, तो X को उत्तर के रूप में चुनें।

(A) G

(B) S

(C) M

(D) X

24955500

Q63 Select the number that can replace the (?) in the following series.

3, 2, 7, 6, 11, ?

(A) 6

(B) 10

(C) 8

(D) 4

Q64 Select the number that can replace the (?) in the following series.

29, 23, 18, 14, ?

(A) 12

(B) 10

(C) 11

(D) 9

Q65 Select the number that can replace the (?) in the following series.

240, ?, 120, 40, 10, 2

(A) 240

(B) 320

(C) 420

(D) 580

Q66 Select the letter-cluster that can replace the (?) in the following series.

D E B, I J G, N O L, ? , X V Y

(A) S T O

(B) R S P

(C) S T Q

(D) R S Q

24915500

Q63 निम्नलिखित श्रृंखला में (?) की जगह प्रतिस्थापित हो सकने वाली संख्या का चयन करें।

3, 2, 7, 6, 11, ?

(A) 6

(B) 10

(C) 8

(D) 4

Q64 निम्नलिखित श्रृंखला में (?) की जगह प्रतिस्थापित हो सकने वाली संख्या का चयन करें।

29, 23, 18, 14, ?

(A) 12

(B) 10

(C) 11

(D) 9

Q65 निम्नलिखित श्रृंखला में (?) की जगह प्रतिस्थापित हो सकने वाली संख्या का चयन करें।

240, ?, 120, 40, 10, 2

(A) 240

(B) 320

(C) 420

(D) 580

Q66 निम्नलिखित श्रृंखला में उस अक्षर–समूह का चयन करें जो (?) का स्थान उपयुक्त रूप से ले सके।

D E B, I J G, N O L, ? , X V Y

(A) S T O

(B) R S P

(C) S T Q

(D) R S Q

Q67 Select the option that when sequentially placed in the blanks of the given series will complete the series.

C - 3, E - 5, G - 7, I - 9, ___, ____

(A) K - 11, M - 13

(B) O- 15, X - 24

(C) M - 18 , K - 14

(D) X - 24, M - 21

Q68 Read the given statement and conclusions carefully and decide which of the conclusions logically follow(s) from the statement.

**Statement:**

There is a general protest from the inhabitants of a certain area that the report submitted on riots in that area has been fabricated based on prejudices and commission has not presented the whole event.

**Conclusions:**

I. Another inquiry commission should be sent for proper investigation.

II. The members of the commission should be severely punished.

III. The next commission should consist of inhabitants of that area only.

(A) Both conclusion I and II follow.

(B) Both conclusion II and III follow.

(C) All of the conclusions follow.

(D) None of the conclusion follow.

24715500

Q67 उन विकल्पों का चयन करें जो निम्नलिखित श्रृंखला में रिक्त स्थान पर व्यवस्थित किये जाएँ तो वे इस श्रृंखला को पूर्ण कर दें।

C - 3, E - 5, G - 7, I - 9, ___, ____

(A) K - 11, M - 13

(B) O- 15, X - 24

(C) M - 18 , K - 14

(D) X - 24, M - 21

Q68 नीचे दिए गए कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़ें और निर्णय लें कि कौन सा निष्कर्ष कथन का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन:

किसी विशेष क्षेत्र के निवासियों ने आम विरोध करते हुए कहा कि उस क्षेत्र में दंगों पर प्रस्तुत रिपोर्ट को पूर्वाग्रहों के आधार पर मनगढ़ंत रूप से प्रस्तुत किया गया है और आयोग ने पूर्ण घटना का विवरण नहीं दिया है।

निष्कर्ष:

I. उचित जांच के लिए कोई दूसरा जांच आयोग स्थापित किया जाना चाहिए।

II. आयोग के सदस्यों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

III. अगले स्थापित आयोग में केवल उस क्षेत्र के निवासियों को शामिल किया जाना चाहिए।

(A) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

(B) निष्कर्ष II और III दोनों अनुसरण करते हैं।

(C) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।

(D) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।

Q69 Consider the given statement and decide which of the given assumptions is implicit in the statement.

**Statement:**

For the efficient preparation of current affairs, one should daily take notes from the newspaper.

**Assumptions:**

I. Current affairs could not be prepared for efficiently without newspapers.

II. Making daily current affair notes help in efficient preparation.

(A) Only assumption I is implicit.

(B) Only assumption II is implicit.

(C) Either assumption I or II is implicit.

(D) Neither assumption I nor II is implicit.

Q69 यहाँ दिए गए कथन पर विचार करें और निर्णय लें कि प्रस्तुत धारणाओं में से कौन कथन में निहित है।

**कथन:**

सामयिक विषय (करंट अफेयर्स) की कुशल तैयारी के लिए रोजाना अखबार से नोट्स बनाने चाहिए।

**धारणायें:**

I. समाचार पत्रों के बिना सामयिक विषय (करंट अफेयर्स) की तैयारी कुशलता के साथ नहीं की जा सकती है।

II. रोजाना करंट अफेयर्स के नोट्स बनाने से अच्छी तरह से तैयारी में मदद मिलती है।

(A) सिर्फ धारणा I कथन में निहित है।

(B) सिर्फ धारणा II कथन में निहित है।

(C) या तो धारणा I या II कथन में निहित है।

(D) न तो धारणा I और न ही II कथन में निहित है।

24675500

Q70 Consider the given paragraph and decide which of the given assumptions in the options is implicit in the paragraph.

The school, which used to provide free breakfast to ensure that the students receive at least one proper meal a day, stopped the facility from January as the charitable society that used to fund the breakfast withdrew support due to drop in donations.

(A) The students may not receive any proper meal from January.

(B) In furture the donations to the charitable society may further decrease.

(C) The donations received by the charitable society are used for social welfare.

(D) The familes either do not have the ability of provide proper meals to their children or they are ignorant of what a proper meal is.

Q70 दिए गए अनुच्छेद पर विचार करें और निर्णय लें कि विकल्पों में दी गई मान्यताओं में से कौन सा अनुच्छेद में निहित है।

एक विद्यालय, जो मुफ्त नाश्ता प्रदान करता था ताकि छात्रों को प्रतिदिन कम से कम एक बार उचित रूप से पोषक भोजन प्राप्त हो, ने जनवरी से इस सुविधा को बंद कर दिया क्योंकि चैरिटेबल सोसाइटी जो इसका प्रबंध करती थी उसे प्राप्त होने वाले दान में कमी आ गई।

(A) छात्रों को जनवरी से कोई पोषक भोजन नहीं मिल सकता है।

(B) भविष्य में चैरिटेबल सोसाइटी को दिए गए दान में और कमी आ सकती है।

(C) चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा प्राप्त दान का उपयोग सामाजिक कल्याण के लिए किया जाता है।

(D) परिवारों के पास या तो अपने बच्चों को पोषक भोजन प्रदान करने की क्षमता नहीं है या वे इस बात से अनभिज्ञ हैं कि पोषक भोजन क्या है।

24955500

Q71 Read the following paragraph.

The importance of education and learning has been recognised since the beginning of time. Education means o lot in a person's life as it enhances learning, knowledge and skill. Education must be given more importance than other target as it is the main thing which shapes one's career. Education has a lot of advantages. Education is very good tool that benefits everyone throughout their lives.

Which of the following options is NOT one of the advantages of education?

(A) Education makes a person capable of standing strong in the society.

(B) Every person has the right to education.

(C) It brings a feeling of equality among all people in the society.

(D) It makes people strong mentally, socially and intellectually.

Q71 निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़ें।

प्रारंभ से ही शिक्षा और शिक्षा के महत्व को मान्यता दी गई है। किसी व्यक्ति के जीवन में शिक्षा का बहुत ही ज्यादा महत्व है क्योंकि यह अध्ययन ज्ञान और कौशल को बढ़ाता है। किसी भी अन्य लक्ष्य की तुलना में शिक्षा को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए क्योंकि यही वो मुख्य तत्व है जिससे जीवन को आकार मिलता है। शिक्षा के बहुत फायदे हैं। शिक्षा एक बहुत अच्छा साधन है जो सभी को उनके जीवन में लाभान्वित करता है।

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प शिक्षा के लाभों में से एक नहीं है?

(A) शिक्षा व्यक्ति को समाज में सशक्त बनाने में सक्षम बनाती है।

(B) प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार है।

(C) यह समाज के सभी लोगों में समानता की भावना लाता है।

(D) यह लोगों को मानसिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से सशक्त बनाता है।

25035500

Q72 Five words have been given, out of which four are alike is some manner and one is different.

Select the odd one.

Satellite, Star, Sun, Earth, Universe

(A) Universe

(B) Earth

(C) Satellite

(D) Star

Q72 नीचे पाँच शब्द दिए गए हैं, जिनमें से चार किसी ना किसी प्रकार से एक समान हैं और एक इनसे भिन्न है।

भिन्न का चयन करें।

उपग्रह, तारा, सूर्य, पृथ्वी, ब्रह्मांड

(A) ब्रह्मांड

(B) पृथ्वी

(C) उपग्रह

(D) तारा

24555500

Q73 Five words have been given, out of which four are alike in some manner and one is different.

Select the odd one.

Mongoose, Beaver, Porcupine, Rat, Guinea pig

(A) Beaver

(B) Guinea pig

(C) Mongoose

(D) Rat

Q73 यहाँ पाँच शब्द दिए गए हैं, जिनमें से चार किसी ना किसी प्रकार से एक समान हैं और एक इनमें भिन्न है।

भिन्न का चयन करें।

नेवला, ऊदबिलाव, साही, चूहा, गिनी पिग

(A) ऊदबिलाव

(B) गिनी पिग

(C) नेवला

(D) चूहा

Q74 Five words have been given, out of which four are alike in some manner and one is different.

Select the odd one.

Dollar, Cortes, Dirham, Lempira, Taka

(A) Cortes

(B) Lempira

(C) Dollar

(D) Taka

Q74 यहाँ पाँच शब्द दिए गए हैं, जिनमें से चार किसी ना किसी प्रकार से एक समान हैं और एक इनमें भिन्न है।

भिन्न का चयन करें।

डॉलर, कोर्टेस, दिरहम, लेम्पिरा, टका

(A) कोर्टेस

(B) लेम्पिरा

(C) डॉलर

(D) टका

Q75 Five words have been given, out of which four are alike in some manner and one is different.

Select the odd one.

Cataract, Cellulitis, Glaucoma. Hypermetropia, Trachoma

(A) Hypermetropia

(B) Trachoma

(C) Cataract/Glaucoma

(D) Cellulitis

Q75 यहाँ पाँच शब्द दिए गए हैं, जिनमें से चार किसी ना किसी प्रकार से एक समान हैं और एक इनमें भिन्न है।

भिन्न का चयन करें।

मोतियाबिंद, कोशिका–प्रदाह, ग्लूकोमा, हाइपरमेट्रोपिया,

ट्रैकोमा

(A) हाइपरमेट्रोपिया

(B) ट्रैकोमा

(C) मोतियाबिंद / ग्लूकोमा

(D) कोशिका–प्रदाह

Q76 Five words have been given, out of which four are alike in some manner and one is different.

Select the odd one.

Ear, Leg, Heart, Kidney, Hand

(A) Leg

(B) Ear

(C) Heart

(D) Hand

24595500

Q76 यहाँ पाँच शब्द दिए गए हैं, जिनमें से चार किसी ना किसी प्रकार से एक समान हैं और एक इनमें भिन्न है।

भिन्न का चयन करें।

कान, टांग, ह्रदय, वृक्क, हाथ

(A) टांग

(B) कान

(C) ह्रदय

(D) हाथ

Q77 In a class of 100 students for a social activity, 50 liked to go for tree planting and 70 liked to go for cleanliness drive. 10 students did not like either. How many liked both?

(A) 12

(B) 25

(C) 30

(D) 15

Q77 एक सामाजिक कार्य के लिए 100 छात्रों की कक्षा में से 50 ने पेड़ लगाने के लिए जाना पसंद किया और 70 ने स्वच्छता अभियान में जाने की इच्छा जताई। 10 छात्रों को इनमें से कुछ भी पसंद नहीं आया। दोनों सामाजिक कार्यों को कितने छात्रों ने पसंद किया?

(A) 12

(B) 25

(C) 30

(D) 15

Q78 Select the cube that CANNOT be formed by folding the given sheet along the lines.



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

Q79 A perosn is standing on Kelly's Street with the shopping mall to his left. Where is point 'J' in relation to him?




(A) In the front

(B) Behind

(C) To the left

(D) To the right

Q78 उस घन (क्यूब) का चयन करें जो निम्नलिखित शीट को रेखाओं के अनुदिश मोड़कर (फोल्ड) करके नहीं बनाया जा सकता है।



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

Q79 एक व्यक्ति केली स्ट्रीट पर खड़ा है और उसके बाईं ओर शॉपिंग मॉल है। उसकी स्थिति के सन्दर्भ में स्थान 'J' कहां है?




25115500

(A) सामने

(B) पीछे

(C) उसके बायीं ओर

(D) उसके दायीं ओर

Q80 A person is at the intersection of Town road and Moon Drive. He drives towards the north of Moon Drive, takes a left on the second road and then takes a left on the first road. Then he drives towards the east on the second road, takes a right on the first road, drives towards the west on the first road and then stopes at the first intersection. Which place is closest to his new position?




(A) Park

(B) Play Ground

(C) Police Station

(D) Primary School

Q80 टाउन रोड और मून ड्राइव के चौराहे पर एक व्यक्ति खड़ा है। वह मून ड्राइव पर उत्तर की ओर ड्राइव करता है, दूसरी सड़क के आने पर बाईं ओर जाता है, और फिर उसपर आनेवाली पहली सड़क पर बाईं ओर जाता है। फिर वह उसपर आनेवाली दूसरी सड़क पर पूर्व की ओर ड्राइव करता है और पहली सड़क पर दाहिने मुड़ जाता है, फिर पहले आनेवाली सड़क पर पश्चिम की ओर ड्राइव करता है और अंत में पहले आनेवाले चौराहे पर रुकता है। कौन सा स्थान उसकी नई स्थिति के सबसे निकट है?




(A) पार्क

(B) खेल का मैदान

(C) पुलिस स्टेशन

(D) प्राइमरी स्कूल

24875500

Q81 Select the cube that CANNOT be formed by folding the given sheet along the lines.



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

24755500

Q81 उस घन (क्यूब) का चयन करें जो निम्नलिखित शीट को रेखाओं के अनुदिश फोल्ड करके नहीं बनाया जा सकता है।



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

Q82 Select the option that is related to the first term in the same way as the fourth term is related to the second term.

CIRCLE : ? :: SPHERE : CUBE

(A) CORNERS

(B) RADIUS

(C) RING

(D) SQUARE

Q82 उस विकल्प का चयन करें जो पहले पद से ठीक उसी प्रकार से संबंधित है जिस प्रकार से चौथा पद दूसरे पद से सम्बंधित है।

वृत्त : ? :: गोला : घन

(A) किनारा

(B) त्रिज्या

(C) रिंग

(D) वर्ग

Q83 In a certain code language, MILLION is written as IMLLOIN. How will HILTON be written as in that code language?

(A) IHLOTN

(B) IHTLNO

(C) HILNOT

(D) HILONT

Q83 एक निश्चित कूट भाषा में, MILLION को IMLLOIN के रूप में लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में HILTON को कैसे लिखा जाएगा?

(A) IHLOTN

(B) IHTLNO

(C) HILNOT

(D) HILONT

24795500

Q84 In a certain code language, CLOCK is written as KCOLC. When RAMESHA is written as in that code language, what will be the first and last letters of that word?

(A) R, A

(B) A, R

(C) M, S

(D) A, M

Q84 एक निश्चित कूट भाषा में, CLOCK को KCOLC के रूप में लिखा गया है। जब RAMESHA को उसी निश्चित कूट भाषा में लिखा जाए तो नए शब्द के पहले और अंतिम अक्षर क्रमशः क्या होंगे?

(A) R, A

(B) A, R

(C) M, S

(D) A, M

Q85 In a certain code language, 'A' is coded as '2', 'B' is coded as '4' and 'C' is coded as '6'. Which word will be coded as '1210108' as in that code language?

(A) FEED

(B) DEER

(C) DEEP

(D) DOOR

Q85 एक निश्चित कूट भाषा में, 'A' को '2' के रूप में कोडित किया जाता है, 'B' को '4' और 'C' को '6' के रूप में कोडित किया जाता है। निम्नलिखित में से किस शब्द को उसी कूट भाषा में '1210108' के रूप में कोडित किया जाएगा?

(A) FEED

(B) DEER

(C) DEEP

(D) DOOR

Q86 In a certain code language, INDUS is coded as 03865 and TENNIS is coded as 243305. How will STUDENT be coded as in that code language?

(A) 2568234

(B) 6548342

(C) 5268432

(D) 2856283

Q87 In a certain code language, THEN is written as RLBS. Which word will be written as AEPJ in that code language?

(A) CGDE

(B) CEAS

(C) SGHE

(D) CASE

Q88 Each of the letters below has been assigned a unique number. Select the combination of numbers such that the corresponding letters when arranged accordingly will form a meaningful word.

R U S G A

1 3 5 7 9

(A) 7, 9, 5, 3, 1

(B) 5, 3, 7, 9, 1

(C) 9, 5, 7, 1, 3

(D) 1, 9, 7, 3, 5

24835500

Q86 एक निश्चित कूट भाषा में, INDUS को 03865 के रूप में लिखा गया है और TENNIS को 243305 के रूप में लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में STUDENT को किस रूप में लिखा जाएगा?

(A) 2568234

(B) 6548342

(C) 5268432

(D) 2856283

Q87 एक निश्चित कूट भाषा में, THEN को RLBS के रूप में लिखा जाता है। निम्नलिखित में से किस शब्द को उसी कूट भाषा में AEPJ के रूप में लिखा जाएगा?

(A) CGDE

(B) CEAS

(C) SGHE

(D) CASE

Q88 नीचे दिए गए प्रत्येक अक्षर को एक अद्वितीय संख्या आवंटित की गई है। संख्याओं के संयोजन का चयन इस प्रकार से करें कि जब अनुरूप वर्ण व्यव्यस्थित किए जाएं तो एक अर्थपूर्ण शब्द बन जाए।

R U S G A

1 3 5 7 9

(A) 7, 9, 5, 3, 1

(B) 5, 3, 7, 9, 1

(C) 9, 5, 7, 1, 3

(D) 1, 9, 7, 3, 5

Q89 Select the word that can be formed using the letters of the given word only as many times as the letters have been used in the word.

A L B C I L A N O T O R O

(A) COLLABORATION

(B) COLOURFULNESS

(C) LOCOMOTE

(D) LOCOMOTIVE

Q90 From the following letters, select the sixth and fourteenth letters from your right and select the fifth and twentieth letter from your left and form a meaningful word.

A B C D E F G H I J K L M N O P

Q R S T U V W X Y Z

Which of the following options is correct regarding that word?

(A) No word can be formed.

(B) More than one word can be formed.

(C) E is the first letter of that word.

(D) M is the first letter of that word.

25075500

Q89 उस शब्द का चयन करें जिसे दिए गए अक्षरों का उपयोग करके बनाया जा सकता है और दिए गए अक्षरों का उपयोग उतनी ही बार किया जाये जितनी बार उनका उपयोग किया गया है।

A L B C I L A N O T O R O

(A) COLLABORATION

(B) COLOURFULNESS

(C) LOCOMOTE

(D) LOCOMOTIVE

Q90 निम्नलिखित अक्षरों में से आप अपने दायें से छठे और चौदहवें अक्षरों का चयन करें और अपने बाएँ से पाँचवें और बीसवें अक्षरों का चयन करें और एक सार्थक शब्द बनाएँ।

A B C D E F G H I J K L M N O P

Q R S T U V W X Y Z

बनने वाले शब्द के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही है?

(A) कोई शब्द नहीं बन सकता।

(B) एक से अधिक शब्द बन सकते हैं।

(C) उस शब्द का पहला अक्षर E है।

(D) उस शब्द का पहला अक्षर M है।

## SECTION-3 | GENERAL KNOWLEDGE | 40 QUESTIONS

Q91 _____ is a dance-drama of semi historical tales and ballads traditional to the state of Uttar Pradesh.

(A) Ghoomar
(B) Kalbelia
(C) Svanga
(D) Pulikali

Q91 _______, उत्तर प्रदेश राज्य की पारंपरिक अर्द्ध ऐतिहासिक कहानियों एवं गाथागीत का नृत्य–नाटक है।

(A) घूमर
(B) कालबेलिया
(C) स्वांग
(D) पुलिकलि

Q92 'Hardaul Katha' are folk songs typical to __________ which spreads over Uttar Pradesh and Madhya Pradesh

(A) Mirzapur
(B) Bundelkhand
(C) Awadh
(D) Braj

Q92 'हरदौल कथा', विशेष रूप से __________ के लोकगीत हैं जो कि उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश में फैले हुए हैं।

(A) मिर्जापुर
(B) बुंदेलखंड़
(C) अवध
(D) ब्रज

Q93 ______ is a popular monsoon entertainment in Uttar Pradesh and Bihar.

(A) Jhoola
(B) Viraha
(C) Svanga
(D) Rasiya

Q93 ______ उत्तर प्रदेश एवं बिहार का बारिश के मौसम का एक लोकप्रिय मनोरंजन है।

(A) झूला
(B) विरहा
(C) स्वांग
(D) रसिया

Q94 India ranks _______ in the world production of pulses as on 2017-18.

(A) first
(B) second
(C) third
(D) fourth

Q94 2017-18 के अनुसार, दालों के वैश्विक उत्पादन में भारत का _______ स्थान है।

(A) पहला
(B) दूसरा
(C) तीसरा
(D) चौथा

Q95 The _______ Revolution has made India the world's largest producer of milk.

(A) Green

(B) White

(C) Red

(D) Blue

Q96 In 2019 which tea company launched the most expensive tea yet priced in India?

(A) Tata Tea

(B) Teabox

(C) Society Tea

(D) Duncan's Tea

Q97 Who among the follwoing became the Prime Minister of the United Kingdom in July 2019?

(A) Jeremy Hunt

(B) Ari Shapiro

(C) Boris Johnson

(D) Theresa May

24269559

Q95 ________ क्रांति से भारत, विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बन गया है।

(A) हरित

(B) श्वेत

(C) लाल

(D) नीली

Q96 वर्ष 2019 में, चाय की किस कंपनी ने भारत में अभी तक सबसे महंगी चाय की पेशकश की है?

(A) टाटा टी

(B) टीबॉक्स

(C) सोसाइटी टी

(D) डन्कन्स टी

Q97 जुलाई 2019 में निम्नलिखित में से किसे यूनाइटेड किंग्डम का प्रधान मंत्री चुना गया है?

(A) जेरेमी हंट

(B) एरि शैप्रियो

(C) बोरिस जॉन्सन

(D) थेरेसा मे

Q98 Who among the following won the 'Tour De France' 2019?

(A) Geraint Thomas

(B) Chris Froome

(C) Steven Kruijswjk

(D) Egan Bernal

Q98 निम्नलिखित में से कौन 'टूर डी फ्रांस' 2019 का विजेता है?

(A) जेरेंट थॉमस

(B) क्रिस फ्रूम

(C) स्टीवन क्रुइज्स्विक

(D) ईगन बरनेल

Q99 Which nation hosted the 2019 World Aquatics Championship?

(A) China

(B) South Korea

(C) Japan

(D) Russia

Q99 किस राष्ट्र ने 2019 विश्व जलक्रीड़ा प्रतियोगिताओं (वर्ल्ड एक्वैटिक चैम्पियनशिप) का आयोजन किया था?

(A) चीन

(B) दक्षिण कोरिया

(C) जापान

(D) रूस

Q100 Which of the following is the most populated city in India as on 2019?

(A) Kolkata

(B) Mumbai

(C) Bangalore

(D) Lucknow

Q100 2019 के अनुसार, निम्नलिखित में से भारत में किस शहर की जनसंख्या सबसे अधिक है?

(A) कोलकाता

(B) मुंबई

(C) बेंगलुरु

(D) लखनऊ

Q101 In to how many component is GST divided?

(A) One

(B) Two

(C) Three

(D) Four

Q101 वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को कितने घटकों में विभाजित किया गया है?

(A) एक

(B) दो

(C) तीन

(D) चार

25429559

Q102 The Registration of Birth and Death Act came into force in the year ________.

(A) 1964

(B) 1969

(C) 1972

(D) 1981

Q102 जन्म और मृत्यु के पंजीकरण का अधिनियम, वर्ष ________ में लागू किया गया था।

(A) 1964

(B) 1969

(C) 1972

(D) 1981

Q103 The Taxation Laws Amendment Act, 2017 replaced Clean Energy Cess with ________.

(A) Clean Air Cess

(B) Environment Cess

(C) GST Compensation Cess

(D) Sustainability Compensation Cess

Q103 कराधान कानून संशोधन अधिनियम, 2017 ने ________ से स्वच्छ ऊर्जा उपकर को प्रतिस्थापित किया है।

(A) स्वच्छ हवा उपकर

(B) पर्यावरणीय उपकर

(C) जीएसटी (GST) प्रतिपूर्ति उपकर

(D) स्थिरता प्रतिपूर्ति उपकर

25189559

Q104 Which state in India has the highest urban population as on 2019?

(A) Tamil Nadu

(B) Gujarat

(C) West Bengal

(D) Maharashtra

Q104 2019 के अनुसार, भारत के किस राज्य की शहरी जनसंख्या सबसे अधिक है?

(A) तमिलनाडु

(B) गुजरात

(C) पश्चिम बंगाल

(D) महाराष्ट्र

Q105 Which was the first state of India to introduce the Panchayati Raj?

(A) Gujarat

(B) Rajasthan

(C) Madhya Pradesh

(D) Tamil Nadu

Q105 भारत में किस राज्य ने सर्वप्रथम पंचायती राज की शुरुआत की थी?

(A) गुजरात

(B) राजस्थान

(C) मध्य प्रदेश

(D) तमिलनाडु

Q106 'Economic Reservation in India' was passed by Amendment ______ of the Constitution.

(A) 101

(B) 102

(C) 103

(D) 104

Q106 संविधान के ______ संशोधन के ज़रिए 'भारत में आर्थिक आरक्षण' पारित किया गया है।

(A) 101

(B) 102

(C) 103

(D) 104

Q107 When was the Constitution amended for the first time?

(A) 1947

(B) 1951

(C) 1953

(D) 1957

Q107 किस वर्ष में संविधान का संशोधन सर्वप्रथम किया गया था?

(A) 1947

(B) 1951

(C) 1953

(D) 1957

24429559

Q108 Who among the following was the first woman Sarpanch of a Gram Panchayat?

(A) Shahnaaz Khan

(B) Sushma Bhadu

(C) Chhavi Rajawat

(D) Arti Devi

Q108 निम्नलिखित में से कौन ग्राम पंचायत की सर्वप्रथम महिला सरपंच हैं?

(A) शहनाज़ खान

(B) सुषमा भदु

(C) छवि राजावत

(D) आरती देवी

Q109 India's first digitalised Panchayat ward was ________.

(A) Kerala

(B) Maharashtra

(C) Gujarat

(D) Rajasthan

Q110 Which is the highest peak in the Western Ghats?

(A) Anamudi

(B) Meesapulimala

(C) Masinagudi

(D) Vagamon

Q111 Which is the longest mountain range in the lesser Himalayas?

(A) Dhauladhar range

(B) Mahabharat range

(C) Pir Panjal range

(D) Shivalik range

Q112 ______ are longitudinal valleys formed as a result of folding when Eurasian plates and Indian plates collided.

(A) Ridges

(B) Ranges

(C) Craters

(D) Duns

24469559

Q109 ________ भारत का सर्वप्रथम डिजिटल पंचायत वार्ड है।

(A) केरल

(B) महाराष्ट्र

(C) गुजरात

(D) राजस्थान

Q110 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प, पश्चिमी घाट का सर्वोच्च शिखर है?

(A) अनाइमुडी

(B) मीसपुलिमाला

(C) मसिनागुड़ी

(D) वागमोन

Q111 निम्नलिखित में से कौन–सा विकल्प, लघुतर हिमालय में पर्वत की सबसे लंबी पर्वतमाला है?

(A) धौलाधार पर्वतमाला

(B) महाभारत पर्वतमाला

(C) पीर पंजाल पर्वतमाला

(D) शिवालिक पर्वतमाला

Q112 ______, यूरेशियाई प्लेट एवं भारतीय प्लेट के टकराव पर, सिकुड़न के परिणामस्वरूप निर्मित लंबवत घाटियां हैं।

(A) रिड्जस

(B) रेंजस

(C) क्रेटर

(D) डन्स

Q113 _____ is the southern part of the ancient super continent Pangea with Angara Land in the northern part.

(A) Eurasian Plate

(B) Tethys sea

(C) Indo-Australian plate

(D) Gondwana land

Q114 One of the distinct features of the peninsular plateau is the black soil area known as _________.

(A) Chotanagpur plateau

(B) Deccan trap

(C) Singur plateau

(D) Rohtas plateau

Q115 Chilika Lake, the largest salt water lake in India in the state of Orissa, lies to the south of the ________.

(A) Baitarani delta

(B) Brahmani delta

(C) Budhabalanga delta

(D) Mahanadi delta

25149559

Q113 ______, प्राचीन विशाल एकीकृत महाद्वीप (सुपर कॉन्टीनेंट) पैंजिया का दक्षिणी भाग है जिसके उत्तरी भाग में अंगारा भूमि स्थित है।

(A) यूरेशियाई प्लेट

(B) टेथिस सागर

(C) भारतीय–ऑस्ट्रेलियाई प्लेट

(D) गोंडवाना भूमि

Q114 प्रायद्वीपीय पहाड़ी मैदान (पठार) की एक अनोखी विशेषता, काली मिट्टी का क्षेत्र है, जिसे _________ कहते हैं।

(A) छोटानागपुर पठार

(B) दक्कन ट्रैप

(C) सिंगुर पठार

(D) रोहतास पठार

Q115 चिलिका झील, ओडिशा राज्य में स्थित भारत की सबसे बड़ी खारे पानी की झील, ________ के दक्षिणी ओर स्थित है।

(A) बैतरणी डेल्टा

(B) ब्राह्मणी डेल्टा

(C) बुधबलंगा डेल्टा

(D) महानदी डेल्टा

Q116 Lord Willian Bentinck, the Governor General of India passed a law in _______ abolishing the custom of Sati.

(A) 1819

(B) 1825

(C) 1829

(D) 1832

Q116 भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बेन्टिंक ने सति प्रथा को समाप्त करने हेतु वर्ष _______ में कानून पारित किया था।

(A) 1819

(B) 1825

(C) 1829

(D) 1832

Q117 In _______ Guru Gobind Singh convened a general meeting of the Sikhs ar Anandpur Sahib on Baisakhi day and laid the foundation of Khalsa (or the pure).

(A) 1679

(B) 1684

(C) 1691

(D) 1702

Q117 वर्ष ______ में, गुरु गोबिंद सिंह ने बैसाखी दिवस को आनंदपुर साहिब में सिखों की सामान्य बैठक बुलाई थी तथा खालसा (अथवा पवित्र) की नींव रखी थी।

(A) 1679

(B) 1684

(C) 1691

(D) 1702

Q118 Allan Octavian Hume, a retired English ICS officer, formed the indian National Union in _________.

(A) 1862

(B) 1876

(C) 1884

(D) 1891

Q118 एलेन ऑक्टेवियन ह्यूम, एक सेवानिवृत्त अंग्रेज़ी ICS अधिकारी ने वर्ष _________ में भारतीय राष्ट्रीय संघ का गठन किया था।

(A) 1862

(B) 1876

(C) 1884

(D) 1891

25389559

Q119 The Gurmukhi paper called Swadesh Sewak, which advocated social reforms and also asked Indian troops to rise in revolt against the British was brought out by _______ from Vancouver during the freedom struggle.

(A) GD Kumar

(B) Tarak Nath Das

(C) Lala Hardayal

(D) Ahit Singh

Q120 Subhash Chandra Bose became the President of the Congress Party in _____.

(A) 1932

(B) 1938

(C) 1941

(D) 1943

Q121 In _______ the East India Company's ships defeated the Portuguese in the Swally estuary off Surat.

(A) 1609

(B) 1610

(C) 1612

(D) 1618

24309559

Q119 गुरुमुखी कागज़, स्वदेश सेवक के नाम से प्रचलित था, जिसमें सामाजिक सुधार का समर्थन किया जाता था और साथ ही भारतीय सैनिकों से अंग्रेज़ों के विरुद्ध विद्रोह करने की मांग की गई थी, को स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वैंकूवर से _______ प्रकाशित किया जाता था।

(A) जीडी कुमार

(B) तारक नाथ दास

(C) लाला हरदयाल

(D) अजित सिंह

Q120 सुभाष चंद्र बोस, वर्ष __________ में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष बने थे।

(A) 1932

(B) 1938

(C) 1941

(D) 1943

Q121 वर्ष _______ में, ईस्ट इंडिया कंपनी के जहाजों ने सूरत के पास स्थित स्वाली एस्चुअरी में पुर्तगालियों को पराजित किया था।

(A) 1609

(B) 1610

(C) 1612

(D) 1618

Q122 When was the Associated Chambers of Commerce and Industry of Uttar Pradesh founded?

(A) 1991

(B) 1994

(C) 1999

(D) 2001

Q122 उत्तर प्रदेश में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (एसोचेम यूपी) की स्थापना किस वर्ष की गई थी?

(A) 1991

(B) 1994

(C) 1999

(D) 2001

23955353

Q123 The Uttar Pradesh Government's 'One District-One Product' scheme aims to encourage _______ in Uttar Pradesh.

(A) agricultural innovation

(B) digital wallet

(C) indigenous and specialised products

(D) computer knowledge

Q123 उत्तर प्रदेश सरकार की 'एक जिला–एक उत्पाद' योजना का लक्ष्य, उत्तर प्रदेश में ______ को प्रोत्साहित करना है।

(A) कृषि नवाचार

(B) डिजिटल वैलट

(C) स्वदेशी और विशेष उत्पाद

(D) कंप्यूटर का ज्ञान

Q124 The Uttar Pradesh Government has signed a Memordandum of Understanding (MoU) with _______ to promote khadi apparel manufactured in the state under the brand of 'UP Khadi' in the year 2018.

(A) Walmart

(B) Reliance

(C) Patanjali

(D) Amazon

Q124 उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2018 में 'यूपी खादी' नामक ब्रांड के तहत राज्य में निर्मित खादी वस्त्र के संवर्धन हेतु ______ के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किया है।

(A) वालमार्ट

(B) रिलायंस

(C) पतंजली

(D) अमेज़ॉन

Q125 There are ______ Special Economic Zones in the state of Uttar Pradesh.

(A) 10

(B) 12

(C) 16

(D) 19

Q125 उत्तर प्रदेश राज्य में ______ विशेष आर्थिक क्षेत्र विद्यमान हैं।

(A) 10

(B) 12

(C) 16

(D) 19

Q126 'Krishi Kumb 2018' was held at ______ in Uttar Pradesh.

(A) Prayagraj (Allahabad)

(B) Bareilly

(C) Lucknow

(D) Gorakhpur

Q126 उत्तर प्रदेश में, ______ में 'कृषि कुंभ 2018' का आयोजन किया गया था।

(A) प्रयागराज (इलाहाबाद)

(B) बरेली

(C) लखनऊ

(D) गोरखपुर

25715353

Q127 Kanya Sumangala Yojana was was launched in Uttar Pradesh to promote ________.

(A) employment opportunities for girls

(B) digital literacy for girls

(C) sports participation opportunities for girls

(D) health and educational standard for girls

Q127 उत्तर प्रदेश में ________ के प्रचार हेतु कन्या सुमंगला योजना की शुरुआत की गई थी।

(A) लड़कियों के लिए रोज़गारी के अवसर

(B) लड़कियों के लिए डिजिटल साक्षरता

(C) लड़कियों के लिए खेल में भागीदारी के अवसर

(D) लड़कियों के लिए स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक मानक

Q128 Shabari Sankalp Abhiyan was launched in Uttar Pradesh to ________.

(A) eradicate proverty

(B) eradicate malnutrition

(C) eradicate unemployment

(D) eradicate illiteracy

Q128 उत्तर प्रदेश में ________ हेतु शबरी संकल्प अभियान की शुरुआत की गई थी।

(A) गरीबी दूर करने

(B) कुपोषण दूर करने

(C) बेरोज़गारी दूर करने

(D) निरक्षरता दूर करने

25555353

Q129 The 'Kishori Balika Yojna" proposes to give balanced diet to the girls not going to school for ________ days in a year.

(A) 125

(B) 150

(C) 275

(D) 300

Q129 'किशोरी बालिका योजना', वर्ष में ________ दिनों के लिए विद्यालय में उपस्थित न होने पर लड़कियों को संतुलित आहार प्रदान करने की पेशकश करती है।

(A) 125

(B) 150

(C) 275

(D) 300

Q130 The state of Uttar Pradesh ranks ______ for availing benefits under the Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi Yojana (PM Kissan).

(A) first

(B) second

(C) third

(D) fourth

Q130 प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना (PM Kissan) के तहत लाभ प्राप्त करने के संबंध में उत्तर प्रदेश राज्य को ________ स्थान प्राप्त है।

(A) पहला

(B) दूसरा

(C) तीसरा

(D) चौथा

ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए

24115353

ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए

24155353

ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए

25595353

ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए

25755353

| Read the following Instructions carefully : | निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें : |
|---|---|
| 1. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with Black Ball Point Pen on the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed | 1. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गये चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर केवल एक गोले को ही पूरी तरह काले बाल पॉइंट पेन से भरें। एक बार उत्तर अंकित किए जाने के बाद उसे बदला नही जा सकता है। |
| 2. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet. | 2. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें की उत्तर पत्रक को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्रक मे निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें। |
| 3. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet), another set will be provided. | 3. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका में कमी को छोड़ कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक उपलब्ध नही कराया जाएगा। |
| 4. The candidates will write the correct Test Booklet Series as given in the Test Booklet in the Attendance Sheet. | 4. परीक्षा पुस्तिका में दी गयी परीक्षा पुस्तिका सीरीज़ को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति पत्रक मे लिखें। |
| 5. Each candidate must show on demand his / her Admit Card to the Invigilator | 5. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, कक्ष अन्तरीक्षक को अपना प्रवेश पत्र दिखाए। |
| 6. No candidate, without special permission of the Center Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat. | 6. अधीक्षक या कक्ष अन्तरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़े। |
| 7. The candidates should not leave the Examination Hall without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty. Cases where a candidate has not signed on the Attendance Sheet will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. | 7. कार्यरत कक्ष अन्तरीक्षक को अपना उत्तर पत्रक दिए बिना परीक्षार्थी अपना स्थान नहीं छोड़ेगें। यदि किसी परीक्षार्थी ने उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा की उसने उत्तर पत्रक नही लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। |
| 8. Use of Pencil/Electronic/Manual Calculator is prohibited. | 8. पेन्सिल / इलेक्ट्रॉनिक / हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है। |
| 9. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Commission with regard to their conduct in the Examination Hall. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Commission. | 9. परीक्षा हॉल मे आचरण के लिए परीक्षार्थी आयोग के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित है। अनुचित साधनों के सभी प्रकरणों का फैसला आयोग के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा। |
| 10. After Examination is over, candidate has to return his Answer Sheet to invigilator. Invigilator will hand over the Candidate's copy to candidate, then only candidate is allowed to leave the examination hall. Candidate is only allowed to take Candidate's copy of answer sheet. | 10. परीक्षा के उपरांत अभ्यर्थी उत्तर पत्रक कक्ष अन्तरीक्षक को लौटा दें। अन्तरीक्षक द्वारा अभ्यर्थी को उत्तर पत्रक की अभ्यर्थी प्रति / तृतीय प्रति हस्तगत कराई जाएगी तथा जिसके उपरांत ही कक्ष को छोड़ने की अनुमति दी जाएगी। उत्तर पत्रक की अभ्यर्थी प्रति अभ्यर्थी को अपने साथ ले जाने की अनुमति है। |
| **11. Candidates are not allowed to take Test Booklet with them. They have to submit the Test Booklet to the Invigilator after the exam.** | **11. परीक्षा के उपरांत परीक्षार्थी को परीक्षा पुस्तिका कक्ष अन्तरीक्षक को लौटानी होगी। परीक्षा पुस्तिका को परीक्षार्थी अपने साथ नहीं ले जा सकतें हैं।** |

23995353